Nalanda Open University

Gandhi Maidan,Patna.

Soni kumari,research scholar Magadh University,Gaya,Counsellor-NOU(Home Science)

e-content for B.A/B.Sc Part-3,Home Science(Hons)

Paper-8

Topic- परिवार के प्रकार, परिवार भूत एवं वर्तमान

परिवार एक सर्वभोमिक समूह है तथा यह एक समिति एवं संस्था दोनों ही है। परिवार के प्रत्येक सदस्य की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति बच्चों के व्यक्तित्व का विकास, मानसिक विकास, भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति परिवार के ही माध्यम से होती है।

परिभाषा- मेकाइवर एवं पेज- "परिवार वह समूह है जो कि लिंग संबंध के आधार पर परिभाषित किया गया है काफी छोटा एवं इतना ही स्थाई है कि बच्चों की उत्पत्ति और पालन-पोषण की व्यवस्था करने योग्य है।"

वर्गेस और लॉक के अनुसार- "एक परिवार विवाह, रक्त संबंध या गोद लेने के बंधनों से संबंध व्यक्तियों का एक ऐसा समूह है जो कि एक गृहस्थी का निर्माण करते हैं और जो एक दूसरे के साथ जुड़े रहकर पति-पत्नी, माता-पिता ,लड़के -लड़के और भाई -बहन के रूप में अपने अपने सामाजिक कार्यों को करते रहते हैं और एक सामान्य संस्कृति को बनाते वह उसकी रक्षा करते हैं।"

परिवार के प्रकार-

परिवार एक सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था है। जिस प्रकार विभिन्न समूह की संस्कृति तथा सामाजिक व्यवस्था में भिन्नता पाई जाती है उसी प्रकार उसके परिवार प्रणाली में विभिन्नता देखने को मिलती है परिवार का वर्गीकरण निम्न आधारों पर की गई है-

1. सदस्यों की संख्या के आधार पर
   - क) केंद्रीय एकाकी परिवार
   - ख) विवाह संबंधी परिवार
   - ग) संयुक्त परिवार
2. सत्ता तथा वंश नाम के आधार पर
   - क) मातृसत्तात्मक परिवार
   - ख) पितृसत्तात्मक परिवार
3. विवाह के आधार पर
   - क) एक विवाही परिवार
   - ख) बहुपति विवाही परिवार
   - ग) बहुपत्नी विवाही परिवार
4. सामाजिक परिस्थिति के आधार पर
   - क) ग्रामीण परिवार
   - ख) नगरीय परिवार

परिवार भूत एवं वर्तमान में- हमारे सामाजिक परिवेश तथा पर्यावरण में लगातार महत्वपूर्ण परिवर्तन होते रहते हैं जिसका प्रभाव परिवार पर भी पड़ता है। इन्हीं प्रभाव का परिणाम है कि आज पूरे विश्व में एकाकी परिवार की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और संयुक्त परिवार की संख्या घटते जा रहे हैं।

परिवार में हो रहे परिवर्तन- वर्तमान समय संपूर्ण विश्व का परिवार तेज गति से परिवर्तन की स्थिति से गुजर रहे हैं परिवार के आदर्श प्रकायों संरचना आदि में तीव्र

गति से बदलाव हो रहा है भूत एवं वर्तमान में परिवार में विभिन्न परिवर्तन देखने को मिलते हैं-

1. परिवार की संरचना
2. परिवार के कार्य
3. स्त्रियों की स्थिति
4. विवाह तथा यौन संबंध
5. परिवार के सदस्यों के कार्य , अस्थायित्व
6. सामाजिक मूल्यों में परिवर्तन
7. नैतिकता के नया स्तर



धन्यवाद